


# षोडश बिहार विधान सभा

## नवम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-07 वृहस्पतिवार, दिनांक- 08 मार्च, 2018 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.13 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुभकामना संदेश :-**

आसन द्वारा कहा गया कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है । महिला सशक्तिकरण की दिशा में वर्ष 1977 से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित संकल्प के अनुसार प्रतिवर्ष 08 मार्च मो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, इसलिए सभी महिला जनप्रतिनिधियों के साथ सम्पूर्ण विश्व, देश एवं खासकर बिहार की महिलाओं को सदन की ओर से शुभकामना दी गई । साथ ही यह कहा गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम "Press for Progress" है जिसके तहत मैं चाहता हूँ कि महिला माननीय सदस्यों के प्रश्नों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू में ही ले लिया जाय, यदि सदन की सहमति हो तो ।

इस प्रस्ताव पर सदन की सहमति हुई ।

इसी बीच पक्ष एवं विपक्ष की महिला सदस्यगण अपने अधिकार की मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गयीं ।

आसन से कहा गया कि आपको अपने अधिकार मिले इसके लिए सदन एक मत है, लेकिन जो मांग आपके द्वारा की जा रही है वह इस सदन का विषय नहीं है, यह संसद का विषय है । पूरे सदन ने आपके प्रश्नों को प्राथमिकता से पहले करने का निर्णय लिया है इसलिए आप लोग अपने-अपने स्थान पर वापस जायें ।

तत्पश्चात् सभी महिला माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस चली गयीं ।

माननीय सदस्या, श्रीमती एज्या यादव द्वारा आसन के प्रति आभार प्रकट किया गया साथ ही माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आसन द्वारा सदन में महिलाओं को विशेष अवसर दिया गया इसके लिए आसन के प्रति आभार प्रकट किया गया एवं सभी महिला माननीय सदस्यों को शुभकामना दी गयी ।

[2] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-738 गन्ना उद्योग विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-740 मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-742 शिक्षा विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-782 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-809 ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

(vii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-818 भवन निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

(viii) 02 तारांकित प्रश्न संख्या-741 एवं 826 स्थगित ।

(ix) 68 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री समीर कुमार महासेठ

(ii) श्री अमीत कुमार

(iii) श्री सुबोध राय

(iv) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव

(v) श्रीमती भागीरथी देवी

(vi) श्री ललन पासवान

(vii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(viii) श्री (डा०) राजेश कुमार

(ix) श्री सुदामा प्रसाद

(x) श्री लक्ष्मेश्वर राय

(xi) श्री रामदेव राय

[5] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री सुधांशु शेखर एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री रामप्रीत पासवान द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय की मांग किये जाने के फलस्वरूप ध्यानाकर्षण सूचना स्थगित हुआ ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] **वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-02 (जल संसाधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा लघु जल संसाधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती (डा०) रंजू गीता ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री निरंजन कुमार मेहता

(ii) श्री रवीन्द्र यादव

(iii) श्री अमीत कुमार
(iv) श्री प्रहलाद यादव
(v) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(vi) श्रीमती भागीरथी देवी
(vii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(viii) श्री शमीम अहमद
(ix) श्री गिरिधारी यादव
(x) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xi) श्री सुदामा प्रसाद
(xii) श्री विजय प्रकाश
(xiii) श्री मुद्रिका प्रसाद राय
(xiv) श्री (डा०) रामानुज प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 16 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-09 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।